सरह नथानिया गोचर भूमि में सूखा बंदरगाह 'कंटेनर यार्ड' खोलने का विरोध

बीकानेर,(कासं)। संयुक्त गोचर विकास एवं गौ संरक्षण मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सरह नथानिया गोचर में खुलने जा रहे 'सूखा बंदरगाह कंटेनर यार्ड' का कड़ा विरोध किया।

मोर्चा के द्वारा सोमवार को जिला कलेक्टर बीकानेर के माध्यम से मुख्यमंत्री,विधानसभा अध्यक्ष, प्रतिपक्ष नेता, प्रतिपक्ष उपनेता, पशुपालन मंत्री, गोपालन मंत्री, मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, संभागीय आयुक्त बीकानेर, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व प्रधान न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, प्रधान न्यायाधीश उच्च न्यायालय जोधपुर, रजिस्ट्रार उच्चतम न्यायालय दिल्ली, रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय जोधपुर को ज्ञापन प्रेषित कर सरह नथानिया गोचर में खुलने जा रहे सूखा बंदरगाह कंटेनर यार्ड का विरोध किया।

इस अवसर पर मोर्चे के सदस्य सूरजमाल सिंह नीमराना ने कहा कि सरकार हर बार बीकानेर की गोचर को खत्म करने के लिए तत्पर रहती है। पिछली बार भी आप की सरकार ने गोचर में बस रही कॉलोनियों को पट्टे देने की बात कही उसका पुरजोर विरोध पूरे राजस्थान में हुआ। हमारे कई गौ सेवी संगठन, गोचर विकास समितियां उच्च न्यायालय के शरण में गई और माननीय उच्च न्यायालय ने गोचर का उपयोग किसी भी रूप में नहीं करने का स्थगन आदेश भी प्रदान किया।

परंतु फिर भी बीकानेर जिला प्रशासन माननीय उच्च न्यायालय के (स्टे) स्थगन के आदेश की अवमानना करते हुए बीकानेर की शरह नथानिया गोचर में सूखा बंदरगाह कंटेनर यार्ड काटने की बात कर रहा है, जो कि सरासर उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की भी अवहेलना है व आमजन की भावना के खिलाफ है।

इस अवसर पर संयुक्त गोचर विकास मोर्चा के संयोजक मनोज कुमार सेवक ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन इस तरह का कार्य नहीं करें अन्यथा मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।

इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए संयुक्त गोचर संरक्षक मोर्चा के सूरज प्रकाश राव ने बताया कि 2007 में भी इसी तरह का प्रयास जिला प्रशासन बीकानेर ने किया था।

उसका कड़ा विरोध हुआ और प्रशासन को यह स्थान छोड़ना पड़ा था। और 2016 में इस फाइल को बंद कर दिया था परंतु आज फिर शहर के कुछ एक व्यापारिक संगठनों के दबाव में बीकानेर की गोचर को समाप्त किया जा रहा है, जो कि हम होने नहीं देंगे। वंदे मातरम मंच के विजय कुमार कोचर ने कहा कि क्या कारण है कि सरकार हमेशा गोचर को ही अपने सरकारी कार्यों के लिए उपयोग में लेती है। जबकि जिस स्थान पर कंटेनर यार्ड खोलना चाहते हैं। उस स्थान के आसपास कृषि व अन्य भूमि भी उपलब्ध है। उस भूमि में आप अपना कंटेनर यार्ड खोल सकते हैं। मात्र गौ माता के लिए सुरक्षित भूमि का उपयोग क्यों करना चाहते हैं, यह समझ से बाहर है। इस प्रतिनिधिमंडल में गौ ग्राम सेवा संघ के संयोजक महेन्द्र सिंह लखासर ने कहा कि सरकार अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ेगी और अधिकारीगण माननीय उच्च न्यायालय की अवमानना इसी प्रकार करते रहेंगे तो भविष्य में सरकार, जनता और उच्च न्यायालय के अंदर टकराव उत्पन्न हो सकता है, जिसका समस्त दायित्व जिला प्रशासन व आपकी सरकार का रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में पार्षद अनूप गहलोत ने कहा कि जो निर्णय बीकानेर जिला प्रशासन लेना चाहता है।

- संयुक्त गोचर विकास मोर्चा ने आंदोलन की चेतावनी दी

उस निर्णय पर रोक लगाने की चेष्टा करें और सूखा बंदरगाह कंटेनर यार्ड नाल के आसपास किन्हीं अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करके बीकानेर को लाभ पहुंचाने की मांग की है। इस अवसर पर ग्लोबल हिन्दू फैडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार सियाग ने कहा कि वर्तमान में बीकानेर का प्रशासन स्वच्छंद होकर आम जनता को प्रताड़ित कर रहा है, जो एक स्वच्छ प्रशासन के लिए सही नहीं है। अत: अति शीघ्र सरकार इन बेलगाम अधिकारियों पर लगाम लगा लें अन्यथा आंदोलन के लिए तैयार है।

प्रतिनिधिमंडल में पार्षद सुधा अचार्य, हरिकिशन व्यास, बसंत कुमार शर्मा, सुनील कुमार व्यास, विजय सिंह चारण, रघुनाथ सिंह शेखावत,चांद वीर सिंह नीमराणा, कैलाश सोलंकी, शिव कुमार गहलोत, नृसिंह दास मिमानी, उमाशंकर सोलंकी, मांगीलाल जी, प्रेम सिंह राठौड़, बंसी राम, बलदेव दास, जयनारायण आदि ने भाग लिया।

भैंरोसिंह शेखावत की जयंती पर व्याख्यानमाला

बीकानेर,(कासं)। पूर्व उपराष्ट्रपति, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैंरोसिंह शेखावत की 99 वीं जयंती 23 अक्टूबर को रविन्द्र रंगमंच बीकानेर में 'राजस्थान के लोकतंत्र में भैंरोसिंह का योगदान' विषयक व्याख्यानमाला का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मीसा बंदी 1975 एवं तिरंगा यात्रा 2011 (लाल चौक श्रीनगर) के सदस्यों का स्वागत समारोह रखा गया है। कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि 23 अक्टूबर को दोपहर 12.15 बजे रविन्द्र रंगमंच प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री एवं बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल होंगे। विधान सभा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ का व्याख्यान होगा। समारोह की तैयारियों हेतु आमंत्रण, प्रचार-प्रसार, अतिथि सत्कार, मीडिया-सोशल मीडिया, भोजन व्यवस्था, वाहन व्यवस्था हेतु कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। तैयारी बैठक में गजेन्द्र सिंह लूंछ, शास्त्री यज्ञ प्रसाद शर्मा, एडवोकट रूपेन्द्र सिंह नांगल, गोपाल सिंह अर्जुनसर, नरेन्द्र सिंह आबड़सर, विश्वजीत सिंह पंवार मौजूद थे।

सार-समाचार

लोकपाल ने निरीक्षण किया

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला परिषद श्रीगंगानगर के लोकपाल अनिल धानुका ने सोमवार को ग्राम पंचायत निरीक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत 10 सरकारी की ग्राम सभा का औचक निरीक्षण किया। ग्रामसभा के निरीक्षण के दौरान लोकपाल अनिल धानुका ने सम्बोधित करते हुए सभी उपस्थित ग्रामीणों व ग्राम पंचायत के कर्मचारियों से आव्हान किया कि मनरेगा योजना का ग्राम के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी मिलकर योजनाबद्ध कार्य करें ताकि सभी इससे लाभान्वित हो सके। धानुका ने कहा कि मनरेगा सम्पूर्ण विश्व की एकमात्र सबसे बेहतरीन ग्रामीण रोजगार योजना है और इसके तहत विकास कार्य आयोजित किये जा रहे हैं, जिनका लाभ आमजन को मिलना चाहिए। जनसभा के दौरान जिला लोकपाल अनिल धानुका ने विभिन्न कार्यों की जांच की व संबंधित कर्मचारियों को निर्देश भी दिए। जनसभा में सरपंच कृष्णलाल, ग्राम विकास अधिकारी रिपुदमन, कनिष्ठ सहायक सुखपाल सिंह, ब्लॉक सहायक शैलेन्द्र कुमार, सुशील सिंहमार, रतिराम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

किसानों का धरना जारी

अनूपगढ़,(कासं)। ग्राम पंचायत 9 एलएम के लुनिया माइनर पर एनडी माइनर और एलएम माइनर के ग्रामीणों का आमरण अनशन 12 वें दिन भी जारी रहा है। ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष मदन श्योराण ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों के द्वारा मोघों का साइज छोटा कर दिया गया था और मशीनें बदल दी गई थी। जिससे लुनिया माइनर और एलएम माइनर के किसानों को निर्धारित मात्रा में सिंचाई पानी नहीं मिल पा रहा है। सिंचाई पानी नहीं मिलने के कारण किसानों की फसलें खराब होने की कगार पर पहुंच चुकी है। मोघो का साइज सही करने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष मदन श्योराण और किसान नेता जगदीश राव ने बताया कि मोघों का साइज छोटा होने के कारण किसानों को निर्धारित मात्रा में सिंचाई पानी नहीं मिला। इस समस्या से सिंचाई विभाग के अधिकारियों व प्रशासन को कई बार अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया गया है। ऐसे में किसानों ने आज धरना स्थल पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मोघों का साइज सही करने की मांग की।

सरस्वती कॉलेज टीम ने जीता खिताब

हनुमानगढ़, (कासं)। जंक्शन में सरस्वती कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय बॉस्केटबॉल महिला प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच व्यापार मंडल कन्या पीजी महाविद्यालय बनाम सरस्वती कन्या पीजी महाविद्यालय के बीच खेला गया। फाइनल मैच में सरस्वती कन्या पीजी महाविद्यालय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का खिताब अपने नाम किया। शिक्षा समिति अध्यक्ष गणेशराज बंसल ने महाविद्यालय की टीम के विजेता रहने पर बेटियों को शुभकामनाएं देते हुए उपविजेता रही बेटियों को और अधिक मेहनत कर विजेता खिताब प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा समिति सचिव अमरनाथ सिंगला ने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी है।

लक्ष्मणगढ़ पहुंचे बबलू चौधरी

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा की हुंकार रैली सीकर जिले के लक्ष्मणगढ में हो रही है। जिसमें हिस्सा लेने के लिए झुंझुनूं से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रवाना हुए है। झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर स्थित बंधे के बालाजी मंदिर परिसर से भी भाजपा नेता निषित चौधरी बबलू के नेतृत्व में 125 से अधिक गाडियों का काफिला लक्ष्मणगढ के लिए रवाना हुआ। भाजपा नेता निषित चौधरी बबलू ने बताया कि प्रदेश सरकार के झूठे वादे और किसान विरोधी नीति का गुस्सा झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के हर गांव और ढाणी में है। इसी का परिणाम है। एक छोटे से निवेदन पर झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के हर गांव और ढाणी से बडी संख्या में किसान भाजपा की इस रैली में शामिल होने के लिए रवाना

फायरिंग कर युवक पर गाड़ी चढ़ाकर मारने की कोशिश

बीकानेर,(कासं)। बीती रात मुक्ता प्रसाद नगर एरिया में न सिर्फ फायर किया गया बल्कि युवक पर गाड़ी चढ़ाकर मारने की कोशिश की गई।

बीकानेर में आये दिन अवैध हथियारों को जब्त किया जा रहा है। इसके बाद भी फायरिंग की घटनाएं नहीं थम रही है। पिछले कुछ दिनों में नयाशहर थाने में सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए है। नयाशहर पुलिस ने दोस्तों के साथ घर जा रहे युवक पर हमला करने पर पांच-सात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मुक्ताप्रसाद नगर के विराट शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह रात डेढ़ बजे वह दोस्त नरेश बिश्नोई व लक्की गहलोत के साथ घर जा रहा था। तभी रैकी कर रहे सीताराम कस्वां, अनिल बिश्नोई, महेन्द्र बिश्नोई, मनरूप बिश्नोई, पवन सियाग, सिकंदर खान, सोनू भिश्ती, रिजवान खान व पांच-सात अन्य गाड़ियों में सवार होकर आए। बाइक के आगे गाड़ी लगाकर उन्हें रोक लिया। इतना नहीं गाड़ी चढ़ाकर उन्हें जान से मारने का प्रयास भी किया।

- पिस्तौल से फायर किए तो नरेश ने झुककर अपनी जान बचाई
- बाइक के आगे गाड़ी लगाकर रास्ते में रोक लिया

बाद में आरोपियों ने लाठी व सरियों से हमला कर दिया। महेन्द्र बिश्नोई व सीताराम कस्वां ने पिस्तौल से फायर किए। नरेश ने झुककर जान बचाई। शोर मचाने पर उनका साथी अनिल व दो-तीन अन्य वहां आ गए। आरोपी नरेश को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

नयाशहर थाना क्षेत्र में आये दिन हो रही वारदातों से एरिया के लोग दहशत में है। अपराधियों में पुलिस का जरा भी डर नहीं है। एक सप्ताह में जानलेवा हमला का तीसरा केस सामने आया है। नौ अक्टूबर की रात में रिड़मलसर पुरोहितान के सहीराम पर भाटों के बास के समीप शेरूराम, राजेश उर्फ रजिया और आठ -दस अन्य न जानलेवा हमला कर डेढ़ लाख रूपए लूटे थे। हमले में सहीराम के गंभीर चोट आई थी।

15 अक्टूबर की सुबह पांच बजे घर से सब्जी मंडी जा रहे व्यापारी बरकत अली पर जानलेवा हमला कर 50 हजार रुपए छीनने की वारदात हुई थी। घटना को लेकर पुलिस ने दो नामजद समेत चार व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

दस्तावेजों का सत्यापन 18 से

बीकानेर,(कासं)। गाइड चयन एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रम-2022 में प्रवेश के लिए सफल अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच के लिए मूल दस्तावेजों का सत्यापन 18 से 21 अक्टूबर तक किया जायेगा।

पर्यटन विभाग के उपनिदेशक कृष्ण कुमार ने बताया कि सत्यापन आरटीडीसी होटल ढोला मारू परिसर में पर्यटन विभाग के कार्यालय में दोपहर 2 से 4 बजे तक किया जायेगा। 21 अगस्त को स्थानीय स्तरीय एवं राज्य स्तरीय गाइड की लिखित परीक्षा में बीकानेर, श्रीगंगानगर व हनुमागनढ़ जिले के परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। सफल अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता की जांच के लिए मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा। उन्होंने बताया कि बीकानेर जिले के सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 18 व 19 अक्टूबर को तथा श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले के सफल अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन क्रमश: 20 व 21 अक्टूबर को किया जायेगा।

आज एक घंटे रोडवेज बस सेवा ठप रहेगी

श्रीगंगानगर, (कासं)। रोडवेज कर्मचारियों ने विरोध जताते हुए मंगलवार दोपहर बारह से एक बजे तक एक घंटे कामकाज ठप रखने का फैसला किया है। इस दौरान रोडवेज बसें बंद रहेंगी। इस दौरान चलने वाली बसों को संभव होने पर आगे के घंटों में चलाया जायेगा।

रोडवेज कर्मचारी इन दिनों सेवारत कर्मचारियों को समय पर वेतन देने और रिटायर्ड कर्मचारियों को आफ्टर रिटायरमेंट बेनिफिट्स की मांग पर आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन के घोषित कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश में 18 अक्टूबर को एक घंटे के लिए कामकाज ठप करने की घोषणा की गई है। इस दौरान रोडवेज बसें नहीं चलेंगी। वर्कशॉप में कर्मचारी टूल डाउन हड़ताल करेंगे। वहीं ऑफिसों में पेन डाउन हड़ताल रखी जायेगी।

राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाइज यूनियन (एटक) के प्रदेश उपाध्यक्ष

- समय पर वेतन की मांग, एक घंटे टूल और पेन डाउन हड़ताल

जरनैल सिंह बताते हैं कि रोडवेज कर्मचारियों के संयुक्त मोर्चे के आव्हान पर मंगलवार दोपहर बारह बजे से एक बजे के बीच कर्मचारी कामकाज का बहिष्कार करेंगे। इस दौरान रोडवेज बसों का चक्का जाम रहेगा।

वर्कशॉप में टूल डाउन और ऑफिसों में पेनडाउन हड़ताल रहेगी। यूनियन के मनोज सुथार बताते हैं कि इस दौरान श्रीगंगानगर में दस से बारह बसों का संचालन होता है। इन बसों को संभव होने पर बाद के समय में चलाया जाएगा अथवा रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुरुआत में एक घंटे के कार्य बहिष्कार से बसों के संचालन को मुक्त रखा गया था।

शिक्षक ने प्रसूता को रक्त देकर बचाई जान

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले के नोहर कस्बें के एक युवा शिक्षक ने मानवता की मिसाल पेश की है। युवा शिक्षक सतपाल छिम्पा ने एक मुस्लिम महिला के डिलीवरी केस में रक्त की जरूरत पड़ने पर रक्तदान कर जीवन बचाया।

सतपाल छिम्पा को जब सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि एक महिला जिसकी डिलीवरी होनी हैं और उसे ब्लड ग्रुप ए बी नेगेटिव की आवश्यकता हैं। सतपाल ने बिना देरी किए प्रसूता को रक्तदान कर उसका जीवन बचाया बचाया। एक महिला नोहर निजी अस्पताल में डिलीवरी के लिए आई थी। इस दौरान उसे रक्त की जरूरत पड़ी। मगर प्रसूता महिला का ब्लड ग्रुप ए बी नेगेटिव था, जो बहुत दुर्लभ मिलता है। शिक्षक को सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली। वे बिना देरी के रक्तदान के लिए तैयार हो गए। वे भादरा के स्वामी विवेकानंद ब्लड़ बैंक पहुंचे और रक्तदान किया।

- ए बी नेगेटिव ग्रुप ब्लड की थी जरूरत
- प्रसूता का ब्लड ग्रुप ए बी नेगेटिव था, जो बहुत दुर्लभ मिलता है
- शिक्षक को सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली

घर से नकदी व जेवर चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। किसान खेत में काम करने गया, पीछे से चोर दीवार फांदकर घर में घुस गया। मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 12 हजार रूपए, चार अंगूठी, पायजेब और कुछ अन्य सामान चोरी कर लिया। किसान का बेटा घर लौटा तो चोरी का पता चला। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से चोरी का पता लगाने की कोशिश कर रही है। मामला श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ इलाके के गांव एक एलएलपी का है। किसान कुंभाराम पुत्र मूलचंद ने चोरी का मामला दर्ज करवाया। रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका परिवार नरमा चुगने का काम करता है। दो दिन पहले वह अपने परिवार के साथ नरमा चुगने के लिए खेत में गया था। इस दौरान घर पर ताला लगा था। पीछे से चोर आहाते की दीवार फांदते हुए घर के अंदर घुसा और नगदी-गहने लेकर भाग गया।

भटनेर दुर्ग में प्राचीन दीवार ढही, एक मजदूर की मौत

हनुमानगढ़, (कासं)। टाऊन स्थित भटनेर दुर्ग में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान एक प्राचीन दीवार ढह गई। हादसे में मलबे के नीचे दबने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 5 मजदूर घायल हो गए। सभी मजदूरों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

भटनेर दुर्ग में लंबे समय से मरम्मत का काम चल रहा है। सोमवार सुबह दुर्ग के अन्दर बालाजी मंदिर के पास की प्राचीन दीवार को तोड़ा जा रहा था। इस दौरान अचानक पूरी दीवार ढह गई। दीवार के ढहने से मौके पर काम कर रहे 6 मजदूर नीचे दब गए। आवाज सुनकर कुछ दूरी पर काम कर रहे मजदूर मौके पर पहुंचे और आस-पास खड़े लोगों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद दुर्ग में आए अन्य लोग मौके पर पहुंचे और 108 को सूचना देकर मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। सूचना मिलते

- हादसे के बाद लोगों की एंट्री बन्द

ही 108 मौके पर पहुंची और घायल मजदूरों को जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां टाऊन के वार्ड 46 निवासी राजेंद्र को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्राचीन भटनेर दुर्ग की दीवार ढहने की सूचना पर जिला कलेक्टर नथमल डिडेल और एसपी डॉ. अजय सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। प्राचीन भटनेर दुर्ग की दीवार ढहने की सूचना पर जिला कलेक्टर नथमल डिडेल और एसपी डॉ. अजय सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। घटना स्थल पर पहुंचे कलक्टर और एसपी के साथ पुलिस के जवान और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। घटना के बाद जिला प्रशासन ने दुर्ग के गेट बंद कर लोगों की एंट्री बंद कर दी हवार्ड-46 के पार्षद प्रदीप मित्तल ने आरोप लगाया कि भटनेर दुर्ग में कोई भी दुर्ग का कर्मचारी मौजूद नहीं था और किसी भी प्रकार की कोई सुरक्षा व्यवस्था निर्माण एजेंसी और किले के कर्मचारियों द्वारा नहीं कि गई थी।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100469 **लोक सूचना** दिनांक : 17.10.2022

NH 62 INFRA DEVELOPERS PRIVATE LIMITED जरिये डायरेक्टर श्री हेमंत सिंघल पुत्र श्री श्यामलाल सिंघल निवासी आरडी-08, रिद्धि सिद्धि एन्कलेव प्रथम, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	चक 1 एक छोटी मुख्बा नं. 44 के	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 1 एफ छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	NH 62 Infra Developers Private Limited जरिये डायरेक्टर श्री हेमंत सिंघल पुत्र श्री श्यामलाल सिंघल	किला नं. 16 व 25 प्रत्येक में 0.253 है. कुल 0.5060 है. एवं मुख्बा नं. 45 के किला नं. 19,20,21,22 व 23 प्रत्येक में 0.2530 है. किला नं. 24/1 में 0.1990 है. किला नं. 25/5 में 0.1324 है. कुल 1.5964 है. यथाकुल 2.1024 हैक्टे.		कुल 2.1024 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17.10.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

मार्शल आर्ट पेनचाक सिलाट खेल को टूर्नामेंट से हटाने पर रोष

बीकानेर,(कासं)। महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड द्वारा बिना किसी ठोस कारण के मार्शल आर्ट पेनचाक सिलाट खेल को इंटर कॉलेज टूर्नामेंट से हटा देने के रवैये पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष सतवीर चौधरी ने चिंता जताई है।

पेनचाक सिलाट खेल एशियन गेम्स में शामिल है तथा क्षेत्रीय खिलाड़ियों द्वारा वर्ल्ड चैम्पियनशिप, एशियन चैम्पियनशिप में मैडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खेलों के विकास के लिए गांव-गांव ढ़ाणी-ढ़ाणी तक स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रहे हैं। खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्म जाकर नौकरियां दे रहे हैं।

- यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड के रवैये पर चिंता जताई

उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरियों में दो प्रतिशत आरक्षण तक दे रहे हैं। ऐसे सकारात्मक वातावरण में एमजीएस यूनिवर्सिटी के इंटर कॉलेज टूर्नामेंट से पेनचाक सिलाट खेल को हटाने से युवाओं में गलत संदेश जायेगा। जो कि राज्य सरकार को बर्दाश्त नहीं होगा। मुख्यमंत्री को शीघ्र ही ऐसे अधिकारियों की कारगुजारियों की जानकारी से अवगत करवाया जायेगा। इससे पूर्व सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद कार्यालय में उपाध्यक्ष सतवीर चौधरी को एमजीएस यूनिवर्सिटी असिस्टेंट डायरेक्टर एंड स्पोर्ट्स बोर्ड सैक्रेटरी द्वारा बिना कारण हटाये गये पेनचाक सिलाट खेल तथा उससे खिलाड़ियों में उपजे असंतोष की जानकारी पेनचाक सिलाट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के स्टेट डायरेक्टर दिनेश बांगड़ को दी।

जल खेतों के निर्माण की जानकारी दी

बीकानेर,(कासं)। परमाणु सहेली डॉक्टर नीलम गोयल ने बीकानेर के श्री अग्रसेन वेलफेयर सोसायटी में देश के पहले ग्राम विकास मॉडल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश का 60 प्रतिशत भूजल स्तर खत्म हो चुका है। 65 प्रतिशत बारिश का पानी व्यर्थ बहकर समुद्र में जा रहा है। ऐसे में पूरे देश में पानी की समस्या पीने में उद्योगों में व कृषि में देखनी पड़ सकती है। ऐसी समस्याओं के समाधान के सामने विप्र गोयल (आईटी खड़कपुर से पासआउट) ने एक ऐसा समाधान निकाला है कि हर खेत पर जल खेत बनाया जाए। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए देश का पहला ग्राम मॉडल बनने जा रहा है। पिछले 500 जल खेतों का निर्माण किया जायेगा। परमाणु सहेली ने बताया कि 10 जल खेत बना लिए हैं 490 बनाने बाकी है ताकि ग्राम विषय का काम पूरा किया जा सके। उसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आज होटल लक्ष्मी रेजिडेंसी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया था कि सभी को इसकी जानकारी मिल सके।

अवधि पार 816 किलो रसगुल्ले व 50 किलो आलू पाउडर नष्ट कराया

बीकानेर,(कासं)। दीपावली के मद्देनजर शुद्ध के लिए युद्ध का विशेष अभियान सोमवार को प्रारम्भ हुआ। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो स्थानों पर औचक कार्यवाही करते हुए अवधि पार और खराब खाद्य पदार्थों को नष्ट करवाया। वहीं खाद्य सामग्री के नमूने लेते हुए उन्हें जांच के लिए भिजवाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद अबरार पंवार ने बताया कि अभियान के तहत पहली कार्यवाही चौखूंटी रोड पर महेन्द्र मोदी की भुजिया और नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में की गई। इस दौरान 50 किलो आलू पाउडर तथा 30 किलो पुदीना पाउडर गुणवत्ताहीन पाया गया, जिसे नष्ट करवाया गया। यहां भुजिया, आलू चिप्स, मूंगफली तथा विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए। इसी प्रकार बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में सेठिया फूड प्रोडक्ट्स पर औचक कार्यवाही की गई।

- भुजिया, आलू चिप्स, मूंगफली तथा विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री के नमूने लिए

जांच के दौरान यहां रसगुल्लों के 17-17 किलो के 58 पैकेट एक्सपाइरी डेट के पाये गए। टीम द्वारा कुल 816 किलो रसगुल्ले नष्ट करवाए गए तथा ताजा बन रहे गुलाब जामुन, रसगुल्ले आदि के नमूने लिए गए।

इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी भूराराम गोदारा भी साथ रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मिलावटखोरी के खिलाफ जांच का सघन अभियान 21 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें और अधिक गति लाई जायेगी। उन्होंने खाद्य पदार्थ विक्रेताओं से शुद्ध सामग्री विक्रय और भंडारण की अपील की है। उन्होंने बताया कि दीपावली के मद्देनजर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा तथा ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।